**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ**

**(तिथि 14 अगस्त 2025, समय 1305 (05 मिनट)**

कल 79 वे स्वतंत्रता दिवस को मनाने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

विभिन्न जिलों में स्वतंत्रता दिवस समारोह परेड का अंतिम अभ्यास कर लिया गया है।

पानीपत में स्वतंत्रता दिवस स्थानीय शिवाजी स्टेडियम में धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं ।

पानीपत के उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि जिला स्तरीय समारोह में हरियाणा के विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण करेंगे। वे पहले जिला सचिवालय स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्घांजलि अर्पित करेंगे उसके पश्चात मुख्य समारोह में शिरकत करेंगे।

*******************************************************************************

पलवल में भी कल स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में अंतिम अभ्यास किया गया।

उपायुक्त डॉ हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि पलवल के जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में हरियाणा सरकार में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वजारोहण करेंगे और परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट से सलामी लेंगे। स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की हैं कि वो स्वतंत्रता दिवस समारोह में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लें।

पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला ने कहा कि जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है।

********************************************************************************

चंडीगढ़ प्रशासन के तत्वावधान में चंडीगढ़ औद्योगिक एवं पर्यटन विकास निगम-CITCO द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सुखना झील पर भव्य नौका रैली और तिरंगा गुब्बारा उड़ान का आयोजन किया गया।

उत्सव का शुभारंभ मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने किया। मुख्य अतिथि ने तिरंगे के जीवंत रंगों से सजी दो क्रूज़, 125 नावों और शिकारे को झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके पश्चात् विशिष्ट अतिथि क्रूज़ पर सवार होकर झील के मध्य पहुंचे, जहां स्वतंत्रता की ऊँची उड़ान के प्रतीक स्वरूप सैकड़ों तिरंगे गुब्बारे छोड़े गए।

*******************************************************************************

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत चंडीगढ़ औद्योगिक एवं पर्यटन विकास निगम सिटको ने होटल माउंटव्यू और होटल शिवालिकव्यू में भोजन पर 25% की छूट के साथ-साथ अपने तीनों होटलों में विशेष स्वतंत्रता दिवस थाली की भी व्यवस्था की है।
*************************************************************************************
आजादी से एक दिन पहले बंटवारे का दंश झेलने वालों की याद में आज विभाजन विभीषिका दिवस मनाया जा रहा है ।
हरियाणा के फरीदाबाद में राज्य स्तरीय विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। इस मौके पर फरीदाबाद के हुडा ग्राउंड में एक प्रदर्शनी लगाई गई है। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार बोहरा ने बताया कि वे प्रदर्शनी देख कर भावुक हो गए कि किस तरह लोगो ने बंटवारे में सब कुछ गवाया और पीड़ा को झेला।
*************************************************************************************
पूर्व मंत्री जेपी दलाल ने राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर बड़ा पलटवार करते हुए कहा है कि राहुल गांधी बौखलाहट में झूठ व भ्रम फैला रहे हैं।
भिवानी जिला के कस्बा सिवानी में कल तिरंगा यात्रा में पहुंचे पूर्व मंत्री जेपी दलाल ने मीडिया से बातचीत में  कहा कि राहुल सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं। श्री दलाल ने कहा कि वोट चोरी होते तो वे खुद लोहारू हलके से क्यों हारते।
कांग्रेस द्वारा 11 साल बाद जिला अध्यक्षों की सूची जारी करने को लेकर कहा कि कांग्रेस का कहीं कोई नामोनिशान नहीं है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि कांग्रेस को जिले का संगठन बनाने में 11 साल लगे हैं, प्रदेश का संगठन बनाने में अभी और 11 साल लगेंगे।
*************************************************************************************
सर्वोच्च न्यायालय ने दो बार के ओलंपिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द कर दी। वह जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर धनखड़ की हत्या का मुख्य आरोपी है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने सुशील को जमानत देने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया। सुशील कुमार को एक सप्ताह के भीतर समर्पण करने को कहा गया है।
*************************************************************************************
पंचकूला नगर निगम ने शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 1 करोड़ 40 लाख रुपये के ठेके को स्वीकृति दे दी है।
वित्त एवं अनुबंध समिति की बैठक में मंजूर हुए इस ठेके के तहत प्रत्येक वार्ड में दो ट्रैक्टर और आठ कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। यह ठेका चार महीने के लिए होगा, जिसमें निर्माण और भवन गिराने से निकला मलबा, बागवानी कचरा और अन्य अपशिष्ट उठाने की जिम्मेदारी तय की गई है।
*************************************************************************************
पुलिस उपायुक्त अपराध  मनप्रीत सिंह सूदन के नेतृत्व में पंचकूला पुलिस ने एक ट्रक चालक को 12 किलो 270 ग्राम चूरा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपी को कल अदालत में पेश कर 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है, ताकि उससे जुड़े नशा तस्करों  का खुलासा हो सके।

********************************************************************************